भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 5272**

जिसका उत्तर 4 अप्रैल, 2022/14 चैत्र, 1944 (शक) को दिया गया

**स्वास्थ्य बीमा योजनाएं**

5272. श्री के. मुरलीधरन:
श्री एंटो एन्टोनी:
श्री बैन्नी बेहनन:
श्री अधीर रंजन चौधरी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2014 से आज की तारीख तक सरकारी योजनाओं के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा कवरेज वाले व्यक्तियों की संख्या और जनसंख्या का योजना-वार प्रतिशत क्या है;

(ख) क्या सरकार न्यू इंडिया रिपोर्ट के लिए नीति आयोग की कार्यनीति के अनुसार वर्ष 2022 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य बीमा कवरेज के उद्देश्य को प्राप्त करने के मार्ग पर है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ. भागवत कराड)

**(क) से (ग) :** आम आदमी को सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए सितंबर 2018 में आयुष्मान भारत – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) का शुभारंभ किया गया था। सरकार द्वारा वित्तपोषित विश्व के सबसे बड़े स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम के रूप में शुभारंभ के समय इसमें 50 करोड़ से अधिक लाभार्थियों का लक्ष्य रखा गया था। नवंबर 2018 में प्रकाशित नीति आयोग की "अभिनव भारत @ 75 की कार्यनीति" में मार्च 2023 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य के हिस्से के रूप में सार्वजनिक वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा से कम से कम 75% आबादी को कवर करने की परिकल्पना की गई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत 50 करोड़ लोगों के उपर्युक्त लक्ष्य के स्थान पर लगभग 70 करोड़ लोगों सहित 14.09 करोड़ परिवारों को कवर किया गया। इसके अलावा, कर्मचारी राज्य बीमा योजना और केंद्रीय सरकार की स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत 14 करोड़ लोगों को कवर किया गया है।

******